## घटिया दर्जे का हो रहा काम, दर्जनों पंचायतों में काम शुरू नहीं

# समयावधि बीतने पर भी अधूरी पड़ी जलजीवन मिशन योजना

शहडोल। जिले में सन 2017-18 से संचालित जल जीवन मिशन योजना पांच वर्षों से भी अधिक समय से चल रही है। लेकिन जल जीवन मिशन योजना आज भी अधूरी पड़ी है। जबकि इसका समय दो साल पहले ही बीत चुका है। समय बीतने के बाद भी इस मिशन की प्रगति अत्यंत धीमी और निराशाजनक है।

जिले की सभी 391 पंचायतों में इसका काम होना है, अभी तक दो सौ पंचायतों में भी काम ढंग से नहीं हो पाया है। शेष पंचायतों में तो मिशन अभी तक पहुंचा ही नहीं है। जिला प्रशासन न तो मॉनीटरिंग करता है और न संबंधित विभाग अनुशासन कायम रखते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करा पा रहा है। वह भी ठेकेदारों की हां में ही हां मिलाता रहता है। ज्ञातव्य है कि इसी तरह की लेटलतीफी और लापरवाही के कारण उमरिया जिले में कई ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड कर दिए गए थे। लेकिन यहां कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




### टंकी बनी पर सप्लाई नहीं

जिन पंचायतों में काम हुआ वहां पानी की टंकी तो बनी पर अभी तक बोरिंग नहीं हुई, कहीं कहीं पर सप्लाई के लिए पाइपें नहीं बिछायी गईं हैं। नियमतः घर घर पानी की सप्लाई देनी है, लेकिन पाइपें डाली जाएगी तभी सप्लाई हो सकेगी। ग्रामीण बताते हैं कि टंकी बनने के बाद से यहां कोई नहीं आया। कुछ समय पहले यह बताया जा रहा था कि पाइपे बिछेगी और सबको पानी मिलेगा लेकिन कब मिलेगा यह पता नहीं। एक पंचायत में जानकारी मिली कि पहले टंकी का ट्रायल किया जाएगा फिर पानी की सप्लाई होगी, लगभग डेढ़ वर्षों से टंकी बनकर तैयार है अभी तक सप्लाई नहीं मिली।

### गुणवत्तापूर्ण नहीं पाइप लाइन

शासन ने निर्देशित किया था कि निर्धारित गहराई में यहां गुणवत्तापूर्ण पाइप लाइनें बिछायी जाएं लेकिन जो पाइपें बिछायी गईं हैं वे थोड़ा गड्ढा खोदकर बिछा दी गईं हैं वे भी गुणवत्तापूर्ण नहीं है। घटिया पाइपें सडक़ पर कितने दिन चल पाएंगी यह सहज ही समझा जा सकता है। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं लेकिन अधिकारी देखने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं। जल जीवन मिशन का लाभ अधिक समय तक ग्रामीणों को मिलने वाला नहीं है।

### टंकी निर्माण में भी लापरवाही

बताया गया कि अधिकांश टंकियों के निर्माण में तकनीक का समुचित रूप से पालन नहीं किया गया है। साथ ही मटेरियल में भी कटौती की गई है। इससे टंकियों की उम्र का भी कोई भरोसा नहीं है। अमला निर्माणाधीन ढांचे का मुआयना करने कभी नहीं आया। टंकियों से लेकर ग्रामीणों के घरों तक पाइपे कब बिछायी जाएंगी कब काम पूरा होगा कब लोगों को पेटभर स्वच्छ पानी प्राप्त हो सकेगा यह कहना कठिन है। न तो ठेकेदार आते हैं न प्रशासन के कर्मचारी आते हैं। बोरिंग चालू करने के लिए अभी तक आपरेटरों की नियुक्ति भी नहीं की गई है। मिशन की समयावधि पूर्ण हो जाने के बाद भी काम पिछड़ा हुआ है। इसमें गति कैसे लाई जाएगी इसकी समीक्षा प्रशासन को करनी पड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए रूट चार्ट निर्धारित

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने बताया कि 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत गोडारू एवं पैलवाह में, जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत कछार एवं घोघरी में, जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बरकछ एवं तगावर में, जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम हिरवार एवं बहेरिया में, जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत छतवई एवं पिपरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जाएगी।

### प्रचार रथ के माध्यम से योजनाओं की दी गई जानकारी

**शहडोल।** जिले के बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कटकोना में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को पीएम आवास, आयुष्मान काडर्, उज्जवला योजना जैसे अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रचार रथ के माध्यम से दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

### शैला नृत्य कर भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत देवरी में जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्थानीय लोगो ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों ने शैला नृत्य कर स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में योजनाओं के लाभाार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। साथ ही प्रचार रथ द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किये गए।

### धान उपार्जन कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने चंदिया तहसील के सेवा सहकारी समिति मर्यादित चंदिया बेसहनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र। प्रभारी लैंपस प्रबंधक ने बताया कि अब तक 14470 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। केन्द्रा मे बारदाने पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानो से उपार्जन के संबंध में जानकारी भी ली। किसानो द्वारा धान उपार्जन कार्य व्यवस्थित तरीके से होने पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने खरीदी प्रभारी को निर्देश दिए कि केंद्र तक आने वाली धान की क्वालिटी सर्वेयर से चेक करवाये। इसके साथ ही जिन किसानों से धान कर ली गई एवं उनकी धान को बेयर में व्यवस्थित रखवाए। किसानों को परेशानी नही हो इसका ध्यान रखे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, सहायक आयुक्त अखिलेश पांडे उपस्थित रहे।

### 24-25 को आरएसएस का शीत शिविर

**उमरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नगर स्तरीय एक दिवसीय शीत शिविर रविवार 24 दिसबंर से शुरू होगा। शीत शिविर उमरिया नगर के खलेसर चौक स्थित चपहा कॉलरी सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। शिविर का आरंभ 24 दिसबंर की शायं 5 बजे परिचय सत्र से होगा, इसके बाद अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को बौद्धिक सत्र होगा। एक दिवसीय शिविर सत्र के दौरान स्वयं सेवकों के जीवन में राष्ट्रीयता एवं संस्कारों का प्रगति करण,नगर में संघ के कार्य का विस्तार एवं सशक्तिकरण के लिए नगर स्तरीय शीत शिविर और गुणात्मक शारीरिक प्रधान कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

# गुप्ता ऑटोमोबाइल्स ने केक काटकर मनाई संस्थान की 24 वीं वर्षगांठ



**शहडोल।** हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत विक्रेता मेसर्स गुप्ता ऑटोमोबाइल्स ने 19 दिसंबर को अपनी सफलता के शानदार 24 वर्ष पूर्ण कर लिए, इस अवसर पर संस्थान के संचालक द्वय राजेश गुप्ता एवं शांतनु गुप्ता ने संस्थान के समस्त कर्मचारियों के साथ इस मौके को सेलिब्रेट करते हुए केक काटा। राजेश गुप्ता ने बताया कि संस्थान की शुरुआत वर्ष 1999 में हुई थी। उस समय जहां महीने में 125 गाडय़ाँ ही बिकती थीं, अब यह संख्या 700 गाड़ी प्रति महीने तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हमारे ग्राहकों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा है। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के 24 साल के सफर में नागरिकों एवं उपभोक्ताओं के सहयोग व स्नेह पर आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमें आगे बढऩे का संबल और ऊर्जा मिलती है। अपनी विशिष्टता के कारण आज भी दोपहिया वाहन खरीदने वाले लोगो में हीरो वाहन पहली पसंद बना हुआ है। सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आज की आधुनिकतम तकनीक से सुसज्जित हीरो वाहन सभी सुविधाओं से युक्त है। खासतौर पर युवा वर्ग में हीरो वाहनों के प्रति सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। दो पहिया वाहनों की सर्वाधिक भरोसेमंद रेंज में हीरो वाहन आकर्षक रंगो में सर्वसुलभता से उपलब्ध है। उन्होंने आशा जताई कि नागरिकों का ऐसे ही सहयोग संस्थान के प्रति बना रहेगा। इस अवसर पर संस्थान संचालक द्वय सहित अतिथि, कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहा।

## जुए का गढ़ बना सिंहपुर ग्राम, पुलिस चुप्पी साधे बैठी

### शिकायतों के बाद भी धरपकड़ नहीं, अशांति बढ़ रही

**शहडोल।** संभाग मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम सिंहपुर जुए का अड्डा बन चुका है लेकिन सिंहपुर पुलिस चुप्पी साधे बैठी है। जबकि कई बार ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। हालत यह है कि पहले चोरी छिपे एक दो स्थानों मे चलता था आज सरेआम एक दर्जन स्थानों में फड़ें चल रहीं हैं और रोजाना लाखों का दांव लगता है, लाखों रुपए का वारान्यारा हो रहा है। बताया जाता है कि यहां पुलिस के संरक्षण में फड़े चल रहीं है और जुआ खिलाने वालों से पुलिस कर्मियों की गाढ़ी दोस्ती है। यही नहीं यहां ऐसे लोग भी सक्रिय हैं जो जुआ खेलने वालों को व्याज पर पैसा देते हैं। अगर पैसा खतम हो गया तो तत्काल व्याज पर मिल जाता है।

### इनके द्वारा कटती है नाल

सिंहपुर में जुआ खिलाने वालों के नाम प्रकाश में आए हैं उनमें अमरेश, बिसाहू, गेंदलाल, उमेश, विक्की आदि प्रमुख हैं। पांचों के द्वारा जुआ खिलाकर नाल काटी जाती है और फिर आपस में बांट लेते हैं। यही नहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जो चोरी छिपे अपने घर में ही जुआरियों को पनाह देते हैं। लेकिन यह अड्डे स्थाई नहीं हैं। गांव में जुए के बढ़ते अपराध के कारण गांव का वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीण काफी परेशान हैं, इसका कुप्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। इस कारण लोग हलाकान हैं।

### यह हैं फड़ों के अड्डे

बताते हैं कि यहां कई अड्डे हैं जहां रोजाना जुआ हो रहा है इनमें राजू के घर के पास, डब्बी तालाब के पास, गेंदलाल के घर के सामने तथा निर्जन स्थल पर जुआ चल रहा है। पुलिस अगर चाहे तो घेरेबंदी कर सरलता से इन्हे दबोच सकती है। लेकिन पुलिस इनकी धरपकड़ करना जरूरी नहीं समझती। यहां पर पप्पू तथा अरमान नामक ग्रामीण व्याज पर पैसा देते हैं। यहां जुआ खेलने वालों के पास पैसे की कमी नहीं होती है। लेकिन भारी व्याज भुगतान करनी पड़ती है। लोग व्याज में पैसे देकर सूदखोरी को बढ़ावा दे रहे हैं।

### इनका भी धंधा चल रहा

यहां राजू नाम का एक ऐसा भी शख्स है जो कि शहडोल व बुढ़ार से खिलाडिय़ों को बुलाता है और यहां जुआ की सुविधा उपलब्ध कराता है। यहां जो जुआ की फड़ें संचालित हो रहीं हैं उनमें इसका बड़ा रोल है। यहां जुआरियों की संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है। वाहनों के शोर व आपाधापी से गांव में दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

## उप सरपंच संघ ने अपनी मांगों को लेकर किया बैठक का आयोजन

**जयसिहनगर।** 19 दिसंबर को जनपद पंचायत के सभागार में उपसरपंच स्नेह मिलन एवं बैठक का आयोजन किया गया, जहां पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के उपसरपंचों के साथ जिले के उपसरपंच पद पर आसीन पदाधिकारियों द्वारा इस कार्यक्रम की कार्य योजना सुनिश्चित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर सभी उपसरपंचो के द्वारा अपना अपना परिचय दिया गया। ग्राम पंचायतों में जहां उप सरपंचो का पद तों सुनिश्चित किया गया, किंतु वास्तविक अधिकारों से उन्हें दूर रखा जाता है या फिर यह कहें कि उनकी उपेक्षा की जाती है। इस संगठन के माध्यम से हमें अपने हक की लड़ाई लडनी है, हम सभी लोगों को पंचायती राज के अधिनियमों को जानना चाहिए और पंचायत पोर्टल पर उपसरपंच का नाम जोड़ा जाना चाहिए यथा जनपद पंचायत द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुपों में उपसरपंचो को जोड़ा जाए , जिससे हमें भी योजनाओं के क्रियान्वयन का पता हो जिससे हम जनता के लिए कार्य कर सकें । शिक्षा एवं स्वास्थ्य का पदेन उपसरपंच होता है, वित्तीय वर्ष के कार्ययोजना पर हस्ताक्षर होना चाहिए पर ऐसा होता नहीं है। जिला पंचायत पर बैठक आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे हम उन्हें ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें पंचायत के व्यय खाते से मोबाइल नंबर जोड़ा जाए, जिससे हमें भी पंचायत के आय व्यय का लेखा जोखा का पता हो उपसरपंचो को सह खाते से जोड़ा जाए एवं ग्राम पंचायत में 50 प्रतिशत राशि का व्यय करने का अधिकार उपसरपंचो को प्रदान किये जाने चाहिए। इसी के साथ उप सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी की उपस्थिति में जयसिंहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत उप सरपंच संघ का गठन किया गया, जिसमें मुकेश गौतम उपसरपंच, मोहनी को जनपद पंचायत स्तरीय जयसिंहनगर अध्यक्ष, धीरज तिवारी, वीरेंद्र द्विवेदी महामंत्री, शिवाकांत गुप्ता, श्रीमती ज्योति शर्मा, ऋषि तिवारी, जितेंद्र पटेल, जुनैद खान, रामदास सिंह गोण उपाध्यक्ष, प्रदीप मिश्रा, देवराज सिंह, संत पाल अहिरवार ,उषा गौतम, रोहित पांडेय को महामंत्री नियुक्त किया गया मार्गदर्शक मंडल में श्रीधर गर्ग, वंश बहादुर, राकेश तिवारी, बाल्मीकि यादव, रामनारायण कुशवाहा एवं सुधीर पांडेय को सुनिश्चित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राम नारायण पांडेय, अशोक मरावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर, भारतीय जनता पार्टी मंडल उपाध्यक्ष रावेद्र शर्मा, सूरज पयासी, राकेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, सीतेंद्र पयासी के साथ समस्त ग्राम पंचायतों के उपसरपंच उपस्थित रहे।

## बराछ में निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बराछ में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत ग्रामीणों ने शैला नृत्य का प्रदर्शन कर किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में रथ के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा जो पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं इस यात्रा में उन्हें योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बराछ में पहुँची । यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिडक़ाव का प्रदर्शन किया गया । विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 26 जनवरी तक चलेगी । विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत सेमरा में जनप्रतिनिधियों ने लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई। इसके अलावा ग्राम पंचायत कटकोना में जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायत कटकोना पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किया गया शिविरों का आयोजन






**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत करकेली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नरवार-25 एवं कौडिया तथा मानपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भरेवा एवं मुगवानी मे किया गया, शिविरो का आयोजन किया। जिसमें जिला, खण्ड एवं मैदानी अमले के साथ ही जनप्रतिनिधियो एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीणों तथा हितग्राहियो ने भाग लिया। करकेली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कौडिया मे आयोजित शिविर को संबोधित करते हुये कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगो के बीच मे जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार कि योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। आपने शिविर मे उपस्थित जन समूह में संबधित विभागो के स्टालो मे जाकर योजनाओ की जानकारी प्राप्त करने तथा उनका लाभ लेने के लिये आगे आने को कहा। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि इसके पूर्व भी शिविर आयोजित किये गए हैं, उसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। योजना के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के साथ ही उन्हें योजना के बारे में जानकारी देना है। अंतिम छोर के व्यक्ति को पहली पंक्ति में लाना यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। यात्रा के माध्यम से एक छत के नीचे सभी योजनाओं का लाभ प्रदाय की जा रही है। योजनाओं का लाभ पाने के लिए ईकेवाईसी अवश्य कराये। ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवाओं का छिडक़ाव किये जाने की सुविधाएं है। एन आर एलएम की दीदियों के द्वारा विभिन्न वस्तुओं का निर्माण किया जा रहा है ।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मिथिलेश पयासी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से सरकार हर वर्ग के लोगो को योजनाओ का लाभ देने का संकल्पस लिया है। चाहे किसानों के लिये हो, चाहे महिलाओ के लिए हो, चाहे युवा हो सभी वर्ग के लिये योजनायें संचालित की है। महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्वला योजना, लाड़ली बहनो को लाडली बहना योजना, किसानों को कृषि यंत्र , जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर मे नल से जल पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। नलो में टोटी लगा कर रखे ताकि पानी व्यर्थ नही बहे, बच्चों को आंगनबाड़ी भेजे । कार्यक्रम में हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई कि भारत को 2047 तक आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृण करेंगे और देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएगे। इसी तरह करकेली जनपद के नरवार-25 में आयोजित शिविर में तहसीलदार चंदिया, सीईओ जनपद पंचायत प्रेरणा सिंह, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, पंकज तिवारी की उपस्थिती मे शिविर का आयोजन कर आम जन को शासकीय योजनाओ की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया। मानपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भरेवा एवं मुगवानी मे शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें सीईओ जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी, जनपद अध्ययक्ष ममता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यनक्ष अन्नूर सिंह, मौजीलाल चौधरी सहित ग्राम पंचायत सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा बडी संख्या में ग्रामीणो ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### अवैध मदिरा जप्त

**उमरिया।** सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रह व परिवहन पर रोक हेतु कार्यवाही की गई। वृत प्रभारी उमरिया द्वारा शहर के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों कि चेकिंग की गई, चेकिंग दौरान चंदिया स्थित गुप्ता चना मसाला सेंटर, न्यू ढाबा भरौला, विक्की अंडा एवम चिकन सेंटर स्टेशन रोड उमरिया, कुशवाहा ढाबा लालपुर, मे मदिरा पान कराए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। वृत मानपुर मे ग्राम पलझा में लाला बाई के कब्जे से 180 किलो महुआ लाहन जब्त कर मौके पर नष्ट किया गया। ग्राम इंदवार नीरज जयसवाल के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त किया गया। कार्यवाही दौरान आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकरी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) व 36(र) के तहत कार्यवाही कर कुल 180 किलो महुआ लाहन, 10 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त कर 06 न्यायलीन प्रकरण* पंजीबद्ध किया । कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी व पिंकी हिंदुजा के नेतृत्व में की गई। साथ ही आबकारी आरक्षक राजपति प्रजापति, अंजलि गौतम, इंद्रभान सिंह व रितिका साहू कार्यवाही में सम्मिलित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार-प्रसार

**उमरिया।** भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फलेगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने, योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने, यात्राओं संबधी जागरूकता एवं योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। यात्रा के माध्यनम से शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियो को लाभान्वित भी किया जा रहा है । जन अभियान के जिला समन्व यक रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में विकसित भारत संकल्पस यात्रा का प्रचार प्रसार दीवार लेखन के माध्य म से किया जा रहा है ।

### अज्ञात आरोपी के विरूद्ध इनाम घोषित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना नौरोजाबाद के अपराध क्रमांक 551/2023 धारा 302 भा दा वि के अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है ।

### ड्रोन से किया गया नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन



**कोतमा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत सिलपुर में पहुँची। यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष फसल में ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में 26 जनवरी तक संचालित की जाएगी। ड्रोन से तरल उर्वरक के छिड़काव के प्रदर्शन के दौरान जनपद पंचायत कोतमा के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि कृषक व शासकीय सेवक उपस्थित रहे।

### प्रबंधन को बड़े हादसे का इंतजार, परिवहन विभाग भी नहीं देता ध्यान

# कॉलरी की स्कूल बसों में क्षमता से अधिक बच्चे

नौरोजाबाद। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक स्कूली बसों में इंतजाम नहीं किए गए हैं। स्कूलों की बसों में सुरक्षा के लिए ना तो फायर सिस्टम है और ना ही फस्ट एड बॉक्स। नियमों की परवाह किए बिना जिले में ऐसी कई बसें सडकों पर दौड़ रही है। जिससे बच्चों की जान जोखिम में रहती है, परिवहन विभाग को स्कूली बसों की जांच करने की फुर्सत नहीं है।






एसईसीएल जोहिला क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय एवं अन्य विद्यालय के लिए नौरोजाबाद उपक्षेत्र के लिए तीन बसें आवंटित की गई है, जिन बसों में सवार होकर बच्चे अपने-अपने विद्यालय जाते हैं, इन बसों के लिए कालरी प्रबंधन ने निर्धारित रूट दिया हुआ है, जो की सभी बस मालिको के लिए वर्क आर्डर जारी किया गया है, जिसमे यह स्पष्ट लिखा है कि बसे नगर के विभिन्न वार्डो से बच्चों को लेकर गंतव्य तक जाएगी, परंतु कुछ बस मालिक अपने फायदे के लिए कम दूरी का रूट खुद ही निर्धारित कर लिए है, यहां तक कि इन बस मालिको की धौस इतनी है कि कालरी के अधिकारी इनसे डरते है।

#### बड़ी घटना के इंतजार में प्रबंधन

केन्द्रीय विद्यालय में लगी बस बस क्रमांक एमपी 54 टी 0254 निर्धारित रूट, बस पास को नजर अंदाज करते हुए अपने मन मुताबिक चलती है, निर्धारित संख्या से अधिक बच्चों को ठूंस कर बैठाया जाता है। बस की केबिन में 15-20 बच्चे बैठना आम बात है। सुरक्षित यातायात के नियमों एवं सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने के लिए कोई भी जिम्मेदार मौजूद नहीं है। केंद्रीय विद्यालय के समीप एक हनुमान टेक पुल है, जिसमें ओवरलोड बस होने से आए दिन अनहोनी होने का खतरा बना रहता है, इधर प्रबंधन भी घटना या दुर्घटना के बाद ही जागता है। ऐसा लगता है कि मानों प्रबंधन किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में बैठा है। बसों की हालात देखने के लिए कालरी प्रबंधन के अधिकारी कभी बसों का निरीक्षण नही करते।

#### स्कूली बसों के लिए निर्धारित मापदण्ड

विद्यालय में लगी बसों के लिए शासन ने गाइड लाईन तय की हुई है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि बसों के आगे-पीछे स्कूल बस लिखा होना चाहिए, स्कूली बसों में फरुट एड बॉक्स का होना जरूरी है, प्रत्येक बसों में आग बुझाने के उपकरण चाहिए और नहीं है तो उसे लगाना जरूरी है। अगर किसी स्कूल प्रबंधन की ओर से किसी एजेंसी से बस अनुबंध पर ली गई है तो, उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी लिखा होना चाहिए, बसों में सीट क्षमता से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए, प्रत्येक स्कूल बस में हॉरिजेंटल ग्रिल लगे हो, स्कूल बस पीले रंग की हो, जिसके बीच में नीले रंग की पट्टी पर स्कूल का नाम और फोन नंबर होना चाहिए, बसों के दरवाजे को अंदर से बंद करने की व्यवस्था होनी चाहिए, बस में सीट के नीचे बैग रखने की व्यवस्था होनी चाहिए, बसों में स्कूल के शिक्षकों का होना जरूरी है, जो बच्चों पर नजर रख सके। प्रत्येक बस चालक को कम से कम 5 साल का भारी वाहन चलाने का अनुभव हो, किसी भी ड्राइवर को रखने से पहले उसका सत्यापन कराने की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की है, एक बस में कम से कम दो चालकों का होना जरूरी है, चालक का कोई चालान नहीं होना चाहिए और न ही उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज हो।

#### अभिभावकों को रखना चाहिए ध्यान

स्कूल बस में अपने बच्चों को चढ़ाते वक्त अभिभावको को भी कुछ अहम बातों को ध्यान रखना चाहिए, बस खड़ी होने के बाद बच्चों को उसमें सवार करें, इसके अलावा बस ड्राइवर की हरकतों पर हमेशा नजर बनाए रखें, सबसे अहम बात यह है कि इस बात का ध्यान रखें कि कहीं ड्राइवर नशे में तो नहीं है, बस में हेल्पर के साथ स्कूल की ओर से एक जिम्मेदार शख्स की तैनाती करनी होती है, जिसकी बच्चों को बस में चढ़ाते और उतारते वक्त अहम जिम्मेदारी रहती है, अगर यह जिम्मेदार बस में नही है, तो अभिभावकों को इसकी तत्काल शिकायत स्कूल प्रबंधन से करनी चाहिए, इसके साथ ही अभिभावकों को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि बस के अंदर बच्चों को बैठने की जगह मिलती है या नहीं, बसें सुरक्षा मानकों का पालन कर रही हैं या नही, इसका भी ख्याल अभिभावकों को रखना चाहिए।

## खुले में मांस के विक्रय को रोकने कलेक्टर ने गठित किया दल

**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 13 दिसम्बर को जारी किये गये मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 253 254 तथा 255 एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 268, 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विक्रय नहीं करने प्रावधानों के तहत प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं । उक्त प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराये जाने हेतु संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन, संभाग शहडोल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर जिला स्तरीय एवं अनुभाग स्तरीय दल का गठन किया है। जिला स्तकरीय समिति में अपर कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमरिया को सदस्य नियुक्त किया है। इसी तरह अनुभाग स्तार पर संबंधित नगरीय क्षेत्र के चिकित्सास अधिकारी, पशु चिकित्सास अधिकारी , संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी तथा संबंधित नगरीय निकाय के अतिक्रमण विरोधी दस्ता दल मे शामिल रहेंगे। ये दल संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी से समन्वय बनाकर 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाकर खुले मे पशु मांस तथा मछली के विक्रय के विरूद्ध प्रतिधांत्मनक कार्यवाही करेगे। संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभियान की जानकारी प्रतिदिन शाम 6.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र मे संयुक्तग संचालक के माध्यीम से संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल को उपलब्धध करायेंगे।

## दुर्घटनाएं रोकने व नियंत्रण की कार्यवाही हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

उमरिया। मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों/ बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने से रोके जाने के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली की रिट पिटीशन (सिविल) में पारित निर्णय का पालन किये जाने के क्रम में अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

कलेक्टशर एवं जिला दण्डा धिकारी बुध्दे श कुमार वैद्य ने उमरिया जिले में अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों / बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को दृष्टि रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने व नियंत्रण की कार्यवाही हेतु संपूर्ण उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश पर्यन्त तक निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है ।

जारी आदेश मे कहा गया है कि उमरिया जिले के समस्त अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल / ट्यूबवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप से बंद करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जावे। उमरिया जिले की सीमा क्षेत्रांतर्गत जिन बोरवेल का उपयोग नहीं किया जाता है, या जिन बोरवेल में मोटर नही डली है। जिनमें बोर केप नहीं लगा हुआ है, समस्त खुले बोरो में बोर केप संबंधित मकान मालिक/किसान/संस्था को लगवाये जाने हेतु निर्देश दिए गए है । अनुपयोगी अथवा खुले पड़े हुए बोरवेल को लोहे के मजबूत ढक्कन / केप से नट बोल्टों की सहायता से मजबूती के साथ बंद किया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों / नगरीय क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अपने अपने क्षेत्र का भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने हेतु उत्तरदायी होगें। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग उमरिया द्वारा शासन के निर्देशानुसार एक पोर्टल विकसित किया जाए । पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत / जनपद पंचायत/ ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में संबंधित नगर पालिका / नगर परिषद द्वारा नवीन नलकूप खनन की जानकारी, नलकूप खनन मशीनों का पंजीयन, नलकूप खनन करने वाले ठेकेदारों की जानकारी तथा अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों की जानकारी संधारित की जायेगी तथा इसकी मॉनिटरिंग की जाए।

जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों / कार्यपालिक दण्डाधिकारियों / समस्त थानों एवं समस्त स्थानीय निकायों / जनपद पंचायतों / ग्राम पंचायतों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर सूचित करने के निर्देश दिए गए है । यह आदेश जारी दिनांक से आगामी आदेश तक प्रशावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन किये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध भादवि की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# किसान मिट्टी परीक्षण अवश्य करायें

**उमरिया।** मिट्टी की उर्वरक शक्ति जानने के लिए मिट्टी परीक्षण जरूरी है। फसल के संपूर्ण विकास हेतु 16 विभिन्न पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। इन तत्वों में से तीन तत्व (कार्बन हाईड्रोजनएवं आक्सीजन) वायु एवं जल द्वारा प्राप्त होते हैं। बाकी तेरह तत्वों को पौधे भूमि से ग्रहण करते है। ये तत्वक नत्रजन फास्फोरस पोटाश (मुख्य तत्व) चूना, गंधक मैग्नीशियम, लोहा, मैगनीज बोरान जस्ता, तांबा, मातीविडनाम, तथा क्लोरीन है। पौधों द्वारा इन तत्वों का अधिशोषण विभिन्न मात्रा में मिट्टी से किया जाता है। लगातार फसल उगाने तथा खेती के आधुनीकरण के कारण इन तत्वों की कमी आती जा रही है विशेषकर प्रमुख तीन तत्वों- नत्रजन, फास्फोरस एवं पोटाश की मिट्टी परीक्षण द्वारा ही पोषक तत्वों की कमी या अधिकता ज्ञात की जा सकती है। साधारण रूप में मिट्टी की जांच से अभिप्राय है कि मिट्टी कितनी ताकतवर है या कितनी कमजोर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो निम्न जानकारी मिलती है- मिट्टी पी. एच. मानः- जमीन अम्लीय या क्षारीय है इसका माप पी.एच. द्वारा होता है विभिन्न फसलों के लिए यह अलग-अलग है। उर्वरकों का उपयोग भी इसी पर निर्भर है। अम्लीय जमीन में मिट्टी परीक्षण के अनुसार 150 से 350 किलोग्राम चूना प्रति हेक्टेयर के दर से करते है। इसी प्रकार क्षारीय जमीन में 2-3 टन जिप्सम प्रति है. पी. एच. मान को 1 डिग्री कम करने के लिये करते है। घुलनशील लवणः- मिट्टी में पाये जाने वाले संपूर्ण घुलनशील लवणों की मात्रा एक विशेष स्तर से बढ़ती है तो मिट्टी लवण क्षारीय हो जाती है और इसमें पौधे न ठीक से उग पाते है और न ही खाद का उपयोग कर पाते है। जैविक कार्बनः- मिट्टी में जैविक कार्बन तथा नत्रजन एक निश्चित अनुपात में पाये जाते है यह अनुपात प्रायः 10.1 है नत्रजन की मात्रा पता होने पर हम विशेषकर आवश्यक नत्रजन की मात्रा ज्ञात करके उसके अनुसार उर्वरक का उपयोग करते है। उपलब्ध फास्फोरसः- कभी-कभी फसल काफी बढ़ जाती है परन्तु कल्ले नहीं निकलते या दाने अच्छे नहीं पड़ते। यह स्थिति फास्फोरस की कमी बताती है। मिट्टी में उपलब्ध फास्फोरस की मात्रा का पता लगाकर फास्फोरस के उर्वरक का उपयोग करते है। उपलब्ध पोटेशियमः- आवश्यक पोटेशियम तत्व की मात्रा जानकर देने से विशेष फसल में लाभ होता है। मात्रा उपयोग से फायदे नत्रजनः- पौधों की वानस्पतिक वृद्धि ठीक होती है। पौधों को हरा रंग प्रदान करता है जिससे उनमें क्लोरोफिल एवं प्रोटिन बढ़ते है। पत्तियों वाली सब्जियों में गुणवत्ता लाता है। फास्फोरसः- जड़ो का विकास ठीक से होता है। फूल लगने को गति प्रदान करता है दाल वाली फसलों की जड़ो में पायी जाने वाली गांठे बनाने में भी मदद करता है। पोटेशियमः- पौधों में रोग, सर्दी तथा अन्य विपरीत बीमारियों से लडऩे की क्षमता प्रदान करता है। दाने तथा बीज में नरकता लाता है। मिट्टी का नमूना लेने की विधि प्रत्येक खेत से अलग-अलग नमूना ले नमूना फसल की बुवाई से पहले एकत्र करें ध्यान रक्खे खेत में कम्पोस्ट एवं उर्वरकों का प्रयोग नहीं होना चाहिए। नमूना लेने से पूर्व जमीन में से घासफूस साफ करें तथा खुरपी व फावडे से व्ही के आकार का गड्ढा बनावे कुदाली एव खुरपी से 6 से 8 गहराई तक की मिट्टी का समान मोटाई वाली परत तराश कर नमूने एकत्र करें। एकत्र की गई मिट्टी को कपड़े या पालीथीन में रखकर अच्छी तरह से मिलाये तथा मिले हुये भाग से आधा किलोग्राम मिट्टी जांच के लिये रखे। सूचना पत्रः- किसान का नाम व पिता का नाम, गांव तथा पोस्ट ब्लाक एवं तहसील जिला, खेत का खसरा नंबर खेत का चालू नाम, पहले बोई गयी फसल, मिट्टी का नमूना होने की तारीख, प्रस्तावित बोई जाने वाली फसल मिट्टी का नमूना एकत्र करने वाले का नाम एवं हस्ताक्षर एकत्र किये गये नमूने किसे भेजे - ऊपर बताई गई विधि अनुसार नमूने एकत्र करके सूचना पत्र भरकर मिट्टी के नमूनों को मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला कृषि उपज मण्डी समिति उमरिया जिला उमरिया भेज सकते है। मिट्टी हमारी माता है इसे खराब होने से बचाना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

## बाल विवाह रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उमरिया।** देश में बाल विवाह को लेकर काफी सख्त कानून बनाए गए है, मगर इसके बावजूद कई जगहों पर लोग आज भी बाल विवाह करवाते है। गांव के लोगों में आज भी इसको लेकर जागरूकता नहीं आई है। बाल विवाह रोकथाम के उद्देश्य युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्राम पंचायत मालियागुड़ा के शा. विद्यालय में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया, विद्यालय में बाल विवाह के विरुद्ध बच्चे और बच्चियों को जागरूक किया गया. वही साथ ही विद्यालय में उपस्थित बच्चों ने यह शपथ भी लिया कि लड़कियां 18 वर्ष से पहले और लडक़े 21 वर्ष से पहले शादी नहीं करेंगे, इसके लिए वो सभी अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करेंगें। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि यदि लडक़े की उम्र 21 और लडक़ी की उम्र 18 वर्ष से कम है और दोनों की शादी की जा रही है तो उसे बाल विवाह माना जाएगा जो कि अपराध है।उन्होंने बताया कि दोषी पाए जाने पर दो वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की दशा में बच्चों के माता-पिता, पंडित, रिश्तेदार जो शादी में शामिल होंगे, दोनों पक्षों के पड़ोसी, शादी तय करने वाले, खाना बनाने वाले, टेंट हाउस, वीडियो और फोटोग्राफर भी अपराधी माने जाएंगे। उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर भी बाल विवाह हो रहा हो तो उसकी सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर शिकायत की जा सकती है। इस दौरान मालियागुड़ा पंचायत सरपंच लक्ष्मी सिंह मरावी, सुदेश यादव, विद्यालय प्राचार्य सारिका नामदेव, शिक्षक फूल सिंह, सोनिका सिंह ,वर्षा निगम, युवा हिमांशु तिवारी ,खुशी सेन, विद्यालय छात्रा साधना सिंह महक चौधरी किरण सिंह पुष्पांजलि सिंह रेनू सिंह मोहिनी सिंह अंजली सिंह दिव्या सिंह राधिका, छात्र पीयूष सिंह मोहित सिंह आयुष साहू हबीब अहमद अमित सिंह विकास बैगा, अखिल सिंह धनु गुप्ता आकाश एवं सभी उपस्थित रहे।

## जाम से नगरवासी हो रहे परेशान स्थानीय पुलिस समेत नपा उदासीन



**कोतमा।** नगर के आजाद चौक से गांधी चौक पुराना अस्पताल से पंचायती मंदिर रोड पोस्ट ऑफिस के पास से सब्जी मंडी रोड निगवानी रोड के मुक्तिधाम से केरहा नाला तक नगर में दूसरे प्रमुख बाजार क्षेत्र में सड़क पर पार्किंग बडी समस्या बन गई है। दुकानों के सामने ज्यादातर वाहन सड़क पर खड़े होने से सामान आवाज आई पर असर पड़ रहा है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वाहन चालकों ने बताया कि इन मार्गो में वाहनों की आवाज आई ज्यादा होने के कारण अमूमन जाम लग रहा है। शाम होते ही इस मार्ग से निकलना बड़ी चुनौती बन जाती है। नागरिकों ने बताया कि पोस्ट ऑफिस से सब्जी मंडी के आगे तक एवं पूर्ण अस्पताल से पंचायती मंदिर मार्ग में व्यापारियों के द्वारा सड़कों पर ही दुकान लगा ली जाती है उसके बाद सड़क पर भी लोग अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर देते हैं यहां तक कि दुकानदारों के द्वारा दुकान का बोर्ड बीच सड़क पर ही लगा दिया जाता है। इन स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर सड़क का चौडीकरण करवाया जाए एवं वाहनों के पार्किंग के लिए जगह निर्धारित की जाए जिससे आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़े। दुकानदारों के द्वारा सड़कों पर ही दुकान लगाने से अव्यवस्था बढ़ जाती है उन्हें भी व्यवस्थित करवाया जाए।

#### यहां भी लगता है जाम

नगर के वार्ड क्रमांक 4 निगरानी रोड में थोक सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सुबह पूरे सड़क पर वाहनों को खड़ा करवरकर समान उतरवाया जाता है जिसके कारण सुबह स्कूली बसों एवं अस्पताल जाने वालों तथा पैदल आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय प्रशासन यहां भी जाम की स्थिति से लोगों को निजात दिलवाये।

## केन्द्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

**जमुना/बदरा।** जमुना कोतमा जबलपुर, मध्य प्रदेश - केन्द्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी का वार्षिक शैक्षणिक निरीक्षण 19 दिसंबर को केंद्रीय विद्यालय जबलपुर संभाग के सहायक आयुक्त डॉ. सरोज डबास के नेतृत्व में निरीक्षकों की एक टीम द्वारा किया गया था। टीम में केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर प्राचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी, केन्द्रीय विद्यालय शहडोल प्राचार्या श्रीमती प्रीती मिश्रा, केन्द्रीय विद्यालय अमरकंटक प्राचार्य रतन कुमार, केन्द्रीय विद्यालय सागर क्रमांक 1 उप-प्राचार्य दीपक कुमार साहू और केन्द्रीय विद्यालय धनपुरी की मुख्याध्यापिका श्रीमती मनीषा भट्टाचार्य शामिल थे। निरीक्षण दल के द्वारा विद्यालय मे चल रही सभी शैक्षिक और सह शैक्षणिक गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं पूरी टीम विद्यालय क्रियाकलाप से बेहद संतुष्ट दिखी, टीम ने स्कूल की सभी कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं का दौरा किया। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से भी बातचीत की। टीम स्कूल की समग्र स्थिति और दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता से प्रभावित हुई। निरीक्षण दल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि स्कूल का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया है और इसमें पर्याप्त सुविधाएं हैं। छात्र अच्छी तरह से अनुशासित हैं और सीखने के लिए प्रेरित हैं। शिक्षक योग्य एवं अनुभवी हैं। स्कूल सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से शामिल है। इसी दौरान निरीक्षण दल द्वारा विद्यालय से राष्ट्रीय स्तर पर चयनी बच्चों को सम्मानित किया गया और उनका





मार्गदर्शन किया गया। निरीक्षण दल ने स्कूल को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सिफारिश की कि स्कूल शिक्षा और अनुशासन के अपने उच्च मानकों को बनाए रखना जारी रखे। मेजबान प्राचार्य मनोज कुमार ने निरीक्षण टीम को उनके दौरे और प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि स्कूल अपने छात्रों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेगा। निरीक्षण दल की सकारात्मक प्रतिक्रिया केन्द्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। स्कूल अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की राह पर है।

## ईसा मसीह के जन्मोत्सव के लिए घर-घर जाकर दे रहे निमंत्रण



**जमुना/बदरा।** 25 दिसंबर को प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। इसी कड़ी में कोयलांचल नगरी जमुना कॉलोनी में भी ईसा मसीह के जन्म उत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है जिसके लिए इसाई समुदाय के लोग समूह बनाकर वह तरह-तरह के परिधान पहन कर लोगों के घर-घर जाकर प्रभु ईसा मसीह के जन्म उत्सव को मनाने के लिए जमुना कॉलोनी चर्च आने का निमंत्रण दे रहे हैं। इसाई समुदाय के लोग भालूमाडा जमुना में घर-घर जाकर गाते बजाते संगीतमय माहौल में लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिनांक को इसाई समुदाय के लोग एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान के घर पहुंच कर उन्हें प्रभु ईसा मसीह के जन्म उत्सव पर जमुना कालरी चर्च आने का सपरिवार निमंत्रण दिया। ज्ञात हो कि प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव को लेकर जमुना कॉलोनी में हर्षोल्लास का वातावरण है।

## खबर संक्षेप

### योजनाओं की पूर्ति समय सीमा में करें कलेक्टर

**मऊगंज** कलेक्टर मऊगंज ने टीएल बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विभागीय लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलायें एवं तथा योजनाओं के प्रकरण बनाकर बैंकों में प्रेषित करें तथा ऋण प्रदाय की कार्यवाही कराई जा सके। कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपूर्ण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करायें तथा अप्रारंभ कार्यों को तत्काल प्रारंभ करायें। उन्होंने मऊगंज जिले में पूर्व के कार्यों व योजनाओं की स्थिति तथा जिला निर्माण के उपरांत अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नये जिले मऊगंज में सभी कार्य प्राथमिकता से हो, योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले यह सभी का दायित्व है। बैठक में अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन से मिलेगा नल से जल

**मऊगंज** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में आयोजित की जा रही है मऊगंज जिले के मऊ बगदरा में आयोजित संकल्प यात्रा में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से केंद्र सरकार की प्रमुख विकास योजनाओं की जानकारी दी गई शिविर में कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने आम जनता की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को आवेदन पत्रों के निराकरण का निर्देश दिए आम जनता से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मऊगंज जिले के लिए जल जीवन मिशन से बाणसागर बृहद समूह नल जल योजना मंजूर हो गई है। इस योजना का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है आगामी वर्ष के अंत तक जिले के अधिकांश गांव में जल जीवन मिशन से नल से जल पहुंच जाएगा इसके लिए टंकियों के निर्माण, पाइपलाइन बिछाने तथा अन्य निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहे हैं। नल जल योजनाओं का कार्य पूरा होते ही जिले में पेयजल की समस्या का पूरी तरह से निदान हो जाएगा।

### चिकित्सा महाविद्यालय खोलें जाने की मांग

**मऊगंज** जिले केसामाजिक कार्यकर्ता गणो व विधिवेत्ता गणों ने चिकित्सा महाविद्यालय खोलें जाने की मांग प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से करते हुए अविलंब उचित पहल करने की विनम्र गुज़ारिश की है, उक्त मांग करने वालों में अध्यक्ष प्रदीप सिंह सेंगर रकरी व वरिष्ठ अधिवक्ता शिव शंकर मिश्र बरहटा, अधिवक्तागण ममनून सिद्दीकी, धीरेन्द्र, चंद्रभूषण पांडे, सांनत विश्वकर्मा, रावेंद्र तिवारी, उमेश मिश्रा एंव सामाजिक कार्यकर्ता गणो में बालकृष्ण दुबे, बसंत मिश्र, सी एम सिंह,नरेन्द्र सिंह, हरिहर शुक्ल,रमेश सिंह, उमा गुप्ता,संतोष मिश्रा,दिनेश यादव बरहटा आदि लोगो ने मऊगंज में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग की है व इस हेतु मुख्यमंत्री मोहन यादव से अविलंब हस्तक्षेप करने की गुज़ारिश की है।

### बड़ागांव में धान खरीदी केंद्र न खुलने आक्रोशित

**रीवा ।** धान बिक्री को लेकर सेमरिया विधानसभा के ग्राम बड़ागांव सहित आसपास ग्रामीण चितिंत है। प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 में खरीदी केंद्र निर्धारित करने पर फेर बदल कर दिया गया। बड़ागांव के साथ स्थान पर वहां से लगभग 30 किमी दूर बभनी गांव में खरीदी केंद्र खोला गया है। जहां किसानों को आने-जाने में असुविधा होने के साथ ही दो-दो, तीन-तीन दिन का बसेरा करना पड़ जाता है। किसानों की पीड़ा को भांपते हुए वार्ड क्रमांक 7 के जनपद सदस्य सीमेश दीपक सिंह ने प्रशासन की नीति के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बुधवार के दिन जनपद सदस्य सीमेंश दीपक सिंह लगभग दर्जन भर क्षेत्रीय किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपते हुए सेमरिया तहसील अंतर्गत बड़ागांव में धान खरीदी केंद्र बनाये जाने की मांग की है। साथ ही बताया कि प्रशासन द्वारा बड़ागांव से लगभग 30 किमी दूर बभनी गांव में धान खरीदी केंद्र बनाये जाने से किसानों में भारी आक्रोश है। यदि शीघ्र बड़ागांव में धान खरीदी केंद्र न बनाया गया तो नियत तारीख 21 दिसबंर को किसानों का सैलाब बड़ागांव मोड़ पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जायेगा।

# न्याय में विलंब अन्याय के बराबर, कोल इंडिया पर आरोप

## पेंशनर्स दिवस पर कोल इंडिया के पेंशनरों द्वारा मनाया गया धिक्कार दिवस





**धनपुरी।**

कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन सोहागपुर क्षेत्र के बैनर तले एस ई सी एल के पेंशनरों के द्वारा धिक्कार दिवस का आयोजन किया गया। कोल इंडिया से सेवा निवृत हुए कर्मचारियों ने अपने प्रमुख मांग पेंशन में बढ़ोतरी नियमानुसार नहीं किए जाने से अत्यधिक परेशान है पेंशन के नियमानुसार प्रत्येक 3 वर्षों में पेंशन की राशि का बढ़ाने का नियम है परंतु आज तक एक बार भी पेंशन राशि का संशोधन नहीं किया गया है इसके परिणाम स्वरूप हार थाक कर पेंशनरों के द्वारा धिक्कार दिवस का आयोजन किया गया। पेंशनरों ने यह मांग किया कि धिक्कार है कोल इंडिया पर और धिक्कार है भारत की सरकार पर 35-40 वर्षों तक भूमिगत खदानों में प्रकृति के विपरीत हाड़ तोड़ मेहनत का कार्य करते हुए सेवानिवृत होने के उपरांत 60 और 70 की पेंशन प्राप्त हो रही है।

### यह भी कोई पेंशन है

पेंशनरों का कहना है कि लगातार लगातार मांग करने के बावजूद कोई भी कोल इंडिया प्रबंधन एवं भारत सरकार को कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है। सरकार के कान में जू नहीं रेंग रही है 60 और 70 में एक वक्त का भोजन भी नहीं मिल पाता है। 35 /40 बरसों तक कार्य करने का पारितोषिक के रूप में पेंशन कोल इंडिया एवं भारत सरकार के द्वारा 60 एवं 70 दिया जा रहा है इस पर ही धिक्कार कार्यक्रम मनाया गया।

### जीना दुश्वार

पेंशनर्स ने कहा कि एक तरफ सरकार यह कहते हुए नहीं थकती है कि कम से कम 1000 प्रति माह का पेंशन सभी श्रमिकों को दिया जाता है उसके उलट कोल इंडिया से सेवानिवृत हुए श्रमिकों क़ो 60 से लेकर 200 300 प्राप्त करने वाले हजारों हजार श्रमिक हैं इतने कम पेंशन में इन बायो वृद्ध पूर्व कर्मचारियों का खर्च कैसे चलता होगा यह विचारणीय प्रश्न है? पेंशनरों के समक्ष अनेकों अनेक समस्याएं हैं उसमें से एक और प्रमुख समस्या है दवाइयां की कमी दवाइयां की कमी के कारण भी पेंशनर अत्यधिक परेशान रहते हैं पूर्व में 40000 जमा करने के पश्चात 800000 तक का सामान्य बीमारी में इलाज की सुविधा प्राप्त होतीथी जिसमें से की 50000 प्रत्येक कर्मचारी को पति-पत्नी के बीच 1 वर्ष में दवा खरीदने के लिए प्राप्त होता था बढ़ती महंगाई के बीच कोल इंडिया ने एक अत्यधिक खराब निर्णय लिया राशि ब बढ़ाने के स्थान पर 25000 सीमा तय कर दी गई पूर्व में प्राप्त हो रहे राशि से 25 हजार रुपए कम कर दिया गया एक तरफ तो महंगाई डायन के समान बढ़ती ही जा रही है और दूसरी तरफ राशि में कटौती किया कोढ में खाज के समान है इससे बयोवृद्ध श्रमिक एवं उनकी आश्रित पत्नी अत्यधिक परेशान है हजारों की संख्या में ऐसे वयोवृद्ध श्रमिक है जिन्हें प्रत्येक महीने में काम से कम पत्नी के साथ मिलकर 8 से 10000 की दवाई खरीदनी पड़ती है एसईसीएल के अस्पतालों में दवाई नहीं के बराबर रहती है।

### स्टाफ क्लब में कार्यक्रम

पेंशनर एसोसिएशन द्वारा स्टाफ क्लब में धिक्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय चिकित्सालय बुढ़ार के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शर्मा उपस्थित हुए कोयला उत्पादन के दौरान शहीद हुए श्रमिकों के तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता थी सेवा अवधि में दो वर्गों के बीच रहकर संघर्ष करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी एक वर्ग में आकर संघर्ष कर रहे हैं कार्यक्रम में पूर्व महाप्रबंधक सुबोध श्रीवास्तव पूर्व क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एसपी पटनायक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच पक्षपात भेदभाव के ऊपर भी अपने संबोधन में प्रस्तुत किए एक तरफ अधिकारियों को 25 लख रुपए तक की चिकित्सा सुविधा मिलती है तो दूसरी तरफ कर्मचारियों को 8 लाख तक की ही सुविधा क्यों प्राप्त होती है इस पर भी भक्तों के द्वारा रोष व्यक्त किया गया स्वयं अधिकारियों के द्वारा भी इस बात का विरोध दर्ज करवाया गया कि जब सेवा निवृत अधिकारियों को 25 लाख की स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रदान किया जाता है तो दूसरी तरफ कर्मचारियों को मात्र आठ लाख रुपए की सुविधा क्यों प्रदान की जा रही है? ऐसा किया जाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का भी उलंघन है।

### इनकी अहम भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास गणेश प्रसाद कुशवाहा फिरत दास देवी दिन दहिया यज्ञ नारायण पांडे रमेश यादव अब्दुल हबीब रूप राय एवं अन्य साथियों के द्वारा किया गया। एस ई सी एल के प्रतिनिधि के तौर पर अनेकों क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें से प्रमुख हैं निरंजन जैन जसवंत सिंह सिद्धू समय लाल साहू साबिर खान रामखेलावन यादव के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में बायो वृद्ध पूर्व श्रमिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने ओढा एबीवीपी का गमछा

### एनएसयूआई ने जताई आपत्ति

**रीवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जो कि भारतीय जनता पार्टी का अनुवांशिक संगठन के कार्यक्रम में कई प्रोफेसर वा शिक्षक भी शामिल हुए साथ ही विद्यार्थी परिषद का पट्टा भी गले में डाला इस कार्यक्रम के फोटो वायरल होने के बाद एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में नेतृत्व में विरोध करते हुए रीवा कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक दल से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में प्रोफेसरो के शामिल होने पर कोई आपत्ति नहीं है छात्रों की मांग पर वह शामिल होकर उत्साह वर्धन कर सकते हैं लेकिन जिस तरह से संगठन के सदस्य के रूप में इन प्रोफेसर्स ने गले में पट्टा डाला हुआ है आपत्तिजनक है क्योंकि कॉलेज में कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों की छात्र इकाइयों के प्रतिनिधि अध्यनरत हैं कन्या महाविद्यालय रीवा में भी एनएसयूआई और अन्य संगठनों की छात्राएं हैं उनके मन में इस तरह की कार्य प्रणाली से विपरीत असर होगा पंकज उपाध्याय ने कहा कि जिस तरह से प्राचार्य सहित वरिष्ठ प्रोफेसर ने एक दल से जुड़े संगठन का हिस्सा बनने का प्रयास किया उससे साबित होता है की दूसरी विचारधारा की छात्राओं के प्रति इनका रवैया सकारात्मक नहीं होगा एनएसयूआई अध्यक्ष ने कहा कि यह जो महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रस की शाखा चला रहे हैं और भाजपा का पत्ता डालकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं वह सतर्क हो जाए एनएसयूआई जल्द ही एक मोर्चा खोलकर इन सब के खिलाफ आंदोलन करेगी और कार्यवाही की मांग करेगी, ज्ञापन में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा ,संगठन मंत्री एवं महाविद्यालय प्रभारी शिवम मिश्रा,संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी, जिला महासचिव निकिता शर्मा, महासचिव गौरव पांडे,जिला प्रवक्ता सर्वेश शर्मा, विश्वविद्यालय एनएसयूआई प्रभारी देवेश शुक्ला, रोहित यादव, जिला सचिव मोहम्मद रहीस खान, टीआरएस इकाई उपाध्यक्ष अनुराग सिंह ,सचिव अंबिकेश द्विवेदी,महासचिव विमल पटेल, लॉ अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, अभिषेक तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष वेद नारायण तिवारी,प्रयाग दूबे, आदि सैकड़ो की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे !



# जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को प्रदेश में उत्कृष्ट श्रेणी में लाने के सभी प्रयास हों - कलेक्टर

## कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों व अन्य अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देश

### गत परीक्षा में कम प्रतिशत वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के दिये निर्देश

### बैठक में अनुपस्थित व विद्यालय में अपेक्षित प्रगति न होने पर प्राचार्यों के निलंबन एवं अवैतनिक किये जाने के दिये निर्देश



**रीवा**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों, बीईओ, बीआरसी एवं सीएसी की बैठक में सख्त लहजे में निर्देश दिये कि जिले का बोर्ड परीक्षा का परिणाम प्रदेश में अनुपातिक तौर पर उत्कृष्ट श्रेणी में हो इसके लिये पूरी तन्मयता व गंभीरता से प्रयास किये जांय। विद्यालयों में नियमित कक्षाएं लगें, जरूरत होने पर शिक्षक अतिरिक्त कक्षाएं लें तथा रेमेडियल कक्षाओं के द्वारा भी बच्चों का शैक्षणिक स्तर सुधारे। उन्होंने आगाह किया कि अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर संबंधित प्राचार्य के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित बुड़वा एवं कन्या विद्यालय गंगेव के प्राचार्य को निलंबित करने तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालय गंगेव, चौखण्ड़ी, पुरौना विद्यालयों के प्राचार्यों के वेतन रोकने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में गत परीक्षा में कम प्रतिशत परिणाम वाले विद्यालयों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निदेश दिये कि सभी प्राचार्य इसे अपनी जिम्मेदारी मानें तथा परीक्षा परिणाम सुधार के लिये शैक्षणिक स्तर में सुधार के सभी उपाय करें। जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का नियमित भ्रमण करें तथा यह देखें कि जिन विद्यालयों में शिक्षक कम हो तथा जिन विद्यालयों का परिणाम अपेक्षाकृत ठीक नहीं हो वहां अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था कर अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित करें। उन्होंने इस दौरान कहा कि हर बच्चे की मैपिंग करें तथा उनके अभिभावकों को भी नियमित तौर पर बच्चों के स्कूल भेजने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी की वन टू वन जानकारी रखें तथा कमजोर विषय के लिये बच्चों को अतिरिक्त प्रयास कर शैक्षणिक स्तर में सुधार करायें।

कलेक्टर ने ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी दो दिवस में देने तथा उनके लिये किये जाने वाले शिक्षा स्तर में सुधार के प्रयासों की भी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों व प्राचार्यों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि आगामी दो माहों में विद्यालयों में सिर्फ शैक्षणिक कार्य हो तथा अन्य गतिविधियों के लिये संलग्न शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य ही कराया जाय।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने डिजिटल कक्षाओं के संचालन की बात कही। उन्होंने मऊगंज, नईगढ़ी एवं हनुमना विकासखण्ड अन्तर्गत विद्यालयों के परीक्षा परिणाम अच्छी स्थिति में न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा जिला शिक्षा अधिकारी को इसमें विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कक्षा 12वीं सहित कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम को भी प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान में होने के लिये पूरी तत्परता से शैक्षणिक कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छी श्रेणी में आने के लिये प्राचार्यों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है इसके लिये वह अपनी पूरी लगन व मेहनत से काम करें। उन्होंने यू डाइस इंट्री न करने वाले प्राचार्यों के वेतन रोकने के निर्देश। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय, डीपीसी देवकरण मिश्रा सहित जिले के विद्यालयों के प्राचार्य, बीईओ, बी.आरसी, सीएसी उपस्थित रहे।

# पुराना डिपो के सामने ढ़ेकहा तिराहा एवं व्यंकट भवन के सामने कोठी कंपाउण्ड रीवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर सम्पन्न

**रीवा।**



शासन निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आयोजित कराये गये। पुराना डिपो के सामने ढेक़हा तिराहा में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं व्यंकट भवन के सामने कोठी कम्पाउण्ड में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के वंचित हितग्राहियों के आवेदन फार्म जमा कराये गये एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में जनसमुदाय को जागरूक करते हुये जानकारी प्रदान की गई। शिविर मे शासन की योजनाओं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ,इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, कल्याणी योजना आदि के लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मंच से अपना अनुभव साझा करते हुये देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मान्नीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

नगर निगम के स्पीकर श्री व्यंकटेश पाण्डेय द्वारा कहा गया कि समाज के हर वर्ग का व्यक्ति सुदृढ़ व समृद्ध बनें, इस हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार ने अनेको योजनाए संचालित की है और इस कैम्प के माध्यम से अपने आवेदन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सभी पात्र व्यक्ति शिविर में अथवा संबंधित कार्यालय में अपना आवेदन देकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। शासन ने जनकल्याण हेतु कई योजनाएँ संचालित की है चाहे वह आयुष्मान भारत योजना हो, उज्ज्वला योजना हो, मातृत्व वंदना योजना हो, पीएम स्वनिधि योजना हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो इस प्रकार की बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिला है जो छूट गये हैं उन्हें जोड़ने हेतु ही इस प्रकार के शिविर लगाये जा रहे है ताकि एक ही स्थान पर सभी योजनाओं के पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सकें। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज समापन हो रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य ऐसे हितग्राही जो पात्रता रखते हुये भी हितलाभ से वंचित रह गये है, उन्हें इन महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि रीवा शहर के लोगों ने बढ़-चढ़ कर शिविर में हिस्सा लिया एवं लाभ प्राप्त किया। शिविर मे एक बात और प्रशंसनीय रही कि हेल्थ कैम्प लगाये गये थे और लोगो ने फ्री में अपना चेकअप कराकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। उन्होनें शहरवासियों से अपील की शहर को साफ एवं स्वस्थ्य रखने का दायित्व केवल नगर निगम का नही है, बल्कि शहर के हर नागरिक का दायित्व है कि उनका शहर साफ एवं स्वस्थ्य रहे इस हेतु सभी का सहयोग आपेक्षित है। जैविक कचरे की खाद घर में ही तैयार करायें तथा यह प्रयास करें कि घर से कम से कम जैविक कचरा निकले यही कचरा नालियों को चोक करता है, जिससे गंदगी होती है। सभी नागरिक कचरे का पृथक्कीकरण घर में करें व अलग-अगल डस्टबिन मे रखकर कचरा गाड़ी में दें। सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेकें। शहर को साफ व स्वस्थ्य बनायें रखने में सहयोग करें।

शिविर में पीएम आवास के हितग्राही संगीता वर्मा, सीमा साकेत को आवास की चाभी सौपीं गई, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत अमन विश्वकर्मा, प्रभाकर सिंह एवं संदीप पटेल को चेक प्रदान किया गया। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रन्नू यादव को हितलाभ प्रदान किया गया। इंदिरा गॉधी वृद्धा पेंशन योजना के तहत अशोक सोनी एवं वृजेन्द्र सोनी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।




## महाविद्यालय में सुशासन और सुरक्षा में परिचर्चा का आयोजन

**मऊगंज ।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में विकसित भारत के संकल्प के अंतर्गत सुशासन एवं सुरक्षा विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया,यह कार्यक्रम म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन एवं महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ ।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. बी. आर. मौर्य के द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं फैकल्टी मेंबर शामिल हुए तथा विकसित भारत पर अपने विचार व्यक्त किए साथ ही सुझाव दिये । कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. बी. आर. मौर्य ने कहा कि भारत में चंद्रयान मिशन, कोरोना वैक्सीन, बुलेट ट्रेन, स्वच्छभारत अभियान जैसे कार्य करके आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है,भारत के नागरिकों को अपने कर्तव्यों का निर्वाहन ईमानदारी से करना होगा तभी भारत विकसित राष्ट्र बन पाएगा। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ डॉ. एम.एन. द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्यूरोक्रेसी एवं राजनीति से वीआईपी कल्चर हटाना होगा तभी सुशासन एवं नागरिक सुरक्षा संभव है , राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आर.एन. पटेल ने कहा कि भारत को विकासशील देश की श्रेणी से विकसित देश की श्रेणी में आने के लिए भ्रष्टाचार पर प्रहार, सूचना का अधिकार, पारदर्शिता, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, लोगों के जीवन स्तर में सुधार आदि कार्य करना होगा,जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ.दिनेश प्रसाद पटेल ने भारत में बायोटेक्नोलॉजी के विकास पर चर्चा की,वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. एस. एन. पांडेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत एवं भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर जोर देना होगा,प्रो.उमेश कुमार सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत प्राचीन व्यवस्था के सुशासन को पुनर्जीवित करे तथा आज आधुनिक व्यवस्था में उसका अनुसरण करते हुए भारत को आगे बढ़ाये । छात्र गुलशेर अंसारी ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रहेंगे अमरकंटक प्रवास पर



**अनूपपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसम्बर को अनूपपुर जिले के अमरकंटक के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे बरगी, जिला जबलपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर व्हाया शहपुरा, डिंडौरी होते हुए शाम 5 बजे अमरकंटक पहुचेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमरकंटक में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम अमरकंटक में करेंगे।

### नम आंखों से दी वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश गुप्ता को अंतिम विदाई



**अनूपपुर।** अनूपपुर के वरिष्ठ समाजसेवी व्यवसायी जगदीश प्रसाद केशरवानी (79) को नम आंखों से सोन तट पर अंतिम विदाई दी गयी। अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 11 के निवासी जगदीश केशरवानी को मंगलवार की आधी रात हृदयाघात हुआ। उन्हे डॉक्टर के पास इलाज के लिये ले जाया गया लेकिन उनके प्राण नहीं बचाए जा सके। जिले में हृदयाघात के बढते मामलों ने लोगों की चिंता बढा दी है। जिले में एक भी हृदयरोग विशेषज्ञ नहीं हैं। जगदीश केशरवानी सतीश, अनिल, सुनील के पिता थे। वे संयुक्त परिवार के सफल निर्वाह की उम्दा मिसाल रहे हैं। अनूपपुर में उन्हे सरल, सौम्य, अनुशासित, सामाजिक जीवन के लिये हमेशा याद किया जाएगा। उनके संयुक्त परिवार में लगभग 80 से अधिक परिवार जन आज भी एकसाथ स्नेह, एकजुटता के साथ रहते हैं। बुधवार की दोपहर जगदीश प्रसाद गुप्ता की अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे के निज निवास से सोन नदी के तट तक निकाली गयी। जिसमें जिला मुख्यालय, राजेन्द्रग्राम, बुढार, शहडोल, मनेन्द्रगढ, कोतमा, जैतहरी सहित अन्य स्थानों से सैकडों लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार उपरांत शोक संतप्त परिवार को उपस्थित गणमान्य लोगों ने सांत्वना देते हुए दो मिनट मौन रखकर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में दिये गये निर्देश

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोके जाने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय दिल्ली द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के सभी अनुविभागों के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्रांतर्गत अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी गाइडलाईन के पालन में कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रभारी 22 तक रहेंगी जिले के प्रवास पर

**अनूपपुर।** जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिले की प्रभारी अधिकारी भारत सरकार के स्टील मंत्रालय की संचालक श्रीमती नेहा वर्मा 20 से 22 दिसम्बर 2023 तक जिले के भ्रमण पर रहकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन गतिविधियों का अनुश्रवण करेंगी। भ्रमण के दौरान लाईजनिंग अधिकारी के रूप में जिला पंचायत अनूपपुर के मनरेगा के परियोजना अधिकारी रावेन्द्र पटेल तथा खनि विभाग की खनि निरीक्षक श्रीमती ईशा वर्मा को नियुक्त किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिले की प्रभारी अधिकारी भारत सरकार के स्टील मंत्रालय की संचालक श्रीमती नेहा वर्मा गुरुवार 21 दिसंबर को अपरान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के गतिविधियां की समीक्षा करेंगी।

## अमरकंटक एक्सप्रेस के एसी 2 में वारदात

# यात्री के सूटकेस से दो लाख के जेवरात पार

### रेलयात्री ने दर्ज कराई एफआईआर जांच मे जुटी रेलवे पुलिस

अमरकंटक एक्सप्रेस से कटनी से रायपुर जा रही एक दंपती का लाखो के सोने चांदी से भरा बाक्स और नगद राशि अटैची से पारकर देने की घटना प्रकाश में आई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 19.12.2023 को टीओपीबी का मामला जीआरपी चौकी अनूपपुर को प्राप्त हुआ।




अनूपपुर।

दर्ज एफ.आई.आर. के अनुसार प्रार्थी पवन कुमार छावड़ा वल्द- सुदामा दास छावड़ा उम्र-42वर्ष निवासी- सी-31 सेक्टर 05, चंदन कुंज, देवेन्द्र नगर, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) जो गाड़ी सं.-12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के कोच नं- ए 01 के बर्थ नंबर- 12, 18 पर कटनी साउथ से रायपुर तक अपनी पत्नी पूनम छावड़ा व पुत्र चिनमय छावड़ा के साथ यात्रा कर रहे थे। कटनी साउथ में ट्रेन में चढ़कर सामान व्यवस्थित करने के बाद सो गए। गाड़ी अनूपपुर स्टेशन पहुँचने पर नींद खुली तो देखा कि उनका सूटकेस का चैन खुला हुआ था। शक होने पर देखा तो सूटकेस के अंदर रखा ज्वेलरी का डिब्बा नहीं था। डिब्बे के अंदर सोने के 02 चैन 05 एवं 07 ग्राम सोने का 02 लॉकेट 04 और 05 ग्राम, 03 टॉप्स 05,06 और 07 ग्राम के लगभग, सोने की 03 अंगूठी 03,04,05 ग्राम के लगभग कुल जेवरात की कीमत 2,00,000 रुपए तथा नगदी 10,500 रूपये था। ट्रेन करीब 03.30 बजे अनूपपुर स्टेशन पहुँची थी। उस समय उसकी नींद खुली, एक व्यक्ति सीट नंबर- 11 में बिना रिजर्वेशन के बैठा हुआ था जिसका हुलिया उम्र- लगभग 50 वर्ष तगड़ा शरीर, पेट निकला हुआ स्वेटर पहना हुआ, शर्ट-पैंट और पैर में मोजा और काला चप्पल पहना हुआ था। उसे लगता है कि वही व्यक्ति सूटकेस से जेवरात और नगदी चोरी कर ले गया जो कोच अटेन्डर के साथ वार्तालाप कर रहा था। टीटीई के द्वारा बिना रिजर्वेशन के कोच में बैठाया गया था जिसकी सूचना उसने सिर्फ पुलिस को दिया तथा घर जाकर जेवरात की रसीद लेकर 26.11.2023 जी.आर.पी. थाना रायपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया। प्रार्थी की शिकायत पर जी.आर.पी.रायपुर द्वारा शून्य में अपराध क्रमांक 094/2023 धारा 379 आई.पी.सी.का मामला दर्ज कर घटना क्षेत्राधिकार जीआरपी शहडोल को स्थानांतरित किया गया। जहां असल अपराध क्रमांक 0128/2023 दिनांक 08.12.2023 धारा 379 आई.पी.सी.दर्ज किया गया तथा चौकी जीआरपी अनूपपुर को स्थानांतरित किया गया। चोरित संपत्ति की कुल कीमत रुपए 2,10,500 रूपये है।

## बिना अनुमति पत्र नहीं बेच सकेंगे पशु मांस तथा मछली

### विक्रय करने वालों पर कार्यवाही के लिए जिला स्तरीय दल गठित

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 253, 254 तथा 255 एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एवं 269 के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में नगरीय निकाय के अनुमति पत्र (लायसेंस) के बिना पशु मांस तथा मछली के विक्रय नहीं करने के प्रावधानों के तहत प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। उक्त प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराए जाने हेतु प्रभारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिला स्तरीय दल का गठन तथा शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने उक्त कार्यवाही हेतु नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत भी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में दल गठित की है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगरीय निकायों में गठित दल के संबंधित अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी से समन्वय कर 31 दिसम्बर 2023 तक विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान की जानकारी प्रतिदिन नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करें। नोडल अधिकारी संकलित जानकारी प्रतिदिन शाम 6 बजे तक संचालनालय, नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग भोपाल को उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी होंगे।

## हत्या के आरोप में फरार आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

### अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम ने सुनाया फैसला

राजेन्द्रग्राम।

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्रग्राम के न्यायालय के सत्र प्रकरण क्र. 25/2018, थाना अमरकंटक के अपराध क्र. 40/2012, धारा 302, 307, 294, 323, 34 भादवि के आरोपी वीरेन्द्र गुप्ता पिता प्रकाश चंद्र गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भेजरी, थाना अमरकंटक को निर्णय दिनांक 19.12.2023 को धारा 302 सहपठित धारा 34 भादवि में आजीवन कारावास एवं 500 रुपए अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा द्वारा की गयी। वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा न्यायालयीन निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि 05.05.2012 को फरियादी संजीव कुमार गुप्ता ने आहत दिलीप कुमार के साथ थाना अमरकंटक में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराया कि वह ग्राम भेजरी के बाजार में अपने घर के पास बैठकर बाजार का हिसाब-किताब कर रहा था, उसी समय रात्रि करीब 09:30 बजे बस स्टैण्ड भेजरी तरफ से रिंकू गुप्ता आया और शिव मंदिर के सामने दिलीप गुप्ता को मां-बहन की गाली देने लगा, जब दिलीप ने मना किया तो रिंकू गुप्ता ने दिलीप को डण्डा से मारा, जो दिलीप के जांघ व पेट में लगा। उसी समय पीछे से प्रभात गुप्ता हाथ में चाकू लेकर आया और जान से खत्म करने के इरादा से दिलीप कुमार गुप्ता के पेट




में सामने से चाकू घोप दिया, जिससे दिलीप गुप्ता के पेट की आंत निकल गयी। मोनू एवं वीरेन्द्र गुप्ता दोनों लाठी से मारपीट किए। दिलीप के चिल्लाने पर राजाराम गुप्ता, मुन्नालाल गुप्ता, शंकरलाल, राजेन्द्र गुप्ता, प्रमोद गुप्ता ने आकर बीच-बचाव किया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना अमरकंटक में अपराध क्र. 40/12 अंतर्गत धारा 307, 294, 323, 34 भादवि के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई और आहत दिलीप कुमार का मुलाहिजा आवेदन फार्म भरकर मेडीकल परीक्षण हेतु पी.एच.सी. अमरकंटक भेजा गया। ईलाज के दौरान आहत दिलीप की मृत्यु हो जाने से पी.एच.सी अमरंटक से उक्ताशय की तहरीर बॉय भगत सिंह द्वारा थाना अमरकंटक में प्रस्तुत किए जाने पर मर्ग क्र. 8/12 लेखबद्व किया गया। प्रकरण में अभियुक्त वीरेन्द्र गुप्ता को फरार दर्शाते हुए अभियुक्तगण अजय गुप्ता, मोनू उर्फ रोहित व प्रभात कुमार गुप्ता के विरूद्व अभियोग पत्र न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी राजेन्द्रग्राम के न्यायालय मे पेश किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण अजय गुप्ता, मोनू उर्फ रोहित व प्रभात कुमार गुप्ता को पूर्व में ही दोषसिद्व किया जा चुका है, अभियुक्त वीरेन्द्र गुप्ता के फरार होने के कारण न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी राजेन्द्रग्राम में अभियुक्त वीरेन्द्र गुप्ता के विरूद्व स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने का आदेश किया गया। 12.12.2017 को अभियुक्त वीरेन्द्र गुप्ता के दस्तयाब होने से उसे गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया। मामले की समस्त विवेचना उपरांत अभियुक्त वीरेन्द्र गुप्ता के विरूद्व पूरक अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अभियोजन द्वारा शासन की ओर से पैरवी की गई। जहां पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण के विरूद्व मामला प्रमाणित पाए जाने पर उपरोक्त दण्ड से दण्डित किए जाने का आदेश पारित किया।

# दो हाथी क्षेत्र में कर रहे हैं ताण्डव

### ग्रामीणों को पहुंचा रहे नुकसान, रात्रि जागरण को मजबूर





अनूपपुर।

जिले में विगत 5 दिनों से एक नर हाथी निरंतर कोतमा, जैतहरी एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र के जंगलों में दिन भर आराम करने बाद देर शाम-रात को विभिन्न ग्रामीण अंचलों में प्रवेश कर ग्रामीणों के बाड़ी, खलिहानों में रखे अनाज एवं फलों को आहार बना रहा है। हाथी से परेशान ग्रामीण परिवार रात्रि जागरण करने को मजबूर हो रहे हैं वही वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी हाथी की निगरानी के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने में लगे हुए हैं यह हाथी टार्च की रोशनी देखकर या ग्रामीणों के अपने इलाके से भगाए जाने पर दौड़ाने का प्रयास कर रहा है। वर्तमान समय तक स्थिति सामान्य है लेकिन ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार एक नर हाथी जिसके एक दांत बड़े तथा एक छोटे आकार के है विगत 16 दिसंबर को छग राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत सिवनी बीट से जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत पड़ौर बीट में सोननदी पार कर आकर दिन भर आराम करने बाद देर शाम-रात को जैतहरी वन परिक्षेत्र से अनूपपुर वन परिक्षेत्र के बेलिया, पिपरिया, अगरिया नार, अनूपपुर, किरर, औढेरा बीट के जंगलों में दिन भर आराम करने बाद देर शाम-रात को जंगल के आसपास के ग्रामों में ग्रामीणों के खलिहानों में रखें धान की फसल एवं बांड़ी में लगे केला, गन्ना आदि फलों को अपना आहार बना रहा है। एक बार फिर से एक हाथी के आने के कारण ग्रामीण जन परिवार सहित रात भर जागने को बाध्य हो रहे हैं वही अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एसके प्रजापति द्वारा हाथियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की सलाह हेतु वन विभाग अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी के आदेश पर वन परीक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक आरएस शर्मा, आरएस, सिकरवार, वन परिक्षेत्र अनूपपुर के परिक्षेत्र सहायक देवेंद्र कुमार पांडेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, रमेश प्रसाद पटेल वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल के साथ दोनों वन परिक्षेत्रो के वनरक्षक, सुरक्षा श्रमिको के साथ ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि निरंतर हाथियों पर निगरानी बनाए हुए हैं। यह अकेला हाथी मंगलवार की सुबह अनूपपुर बीट के पटपरहा, डिडवापानी गांव से लगे जंगल में दिनभर आराम करने बाद देर शाम-रात को पहाड़ चढ़कर किरर बीट के अकुआ गांव में से खोलईया वनमार्ग से मंगलवार की सुबह औढेरा बीट के बेलहाई जंगल जो खोलईया-केकरपानी गांव से लगा हुआ है मे दिन भर ठहरने बाद देर शाम-रात को गौरेला गांव के बड़काटोला निवासी बृजभान पिता वीर सिंह के बाडी में घुसकर बाउंड्री की दीवार तोड़ते हुए आंगन में रखे धान को खाने बाद बांड़ी में लगे हल्दी के पौधों को कुचलते हुए सिंचाई के लिए रखे गए पाइप को तोड़फोड़ करने बाद चंद्रभान सिंह के खलिहान में रखे धान की करही को खाते हुए देर रात की केकरपानी गांव के बधियाटोला की पहाड़ी में चढ़कर विश्राम करने बाद बुधवार की सुबह 5 बजे उतरते हुए कक्ष क्रमांक आर 357 दुधमनिया बीट के बांका के जंगल में विश्राम कर रहा है। यह हाथी ग्रामीण एवं वन विभाग के दल द्वारा दिखाए जाते टॉर्च को की रोशनी को देखकर दौड़ाने का प्रयास करता है हाथी के आने के संभावित ग्रामों में वन विभाग एवं ग्राम पंचायतो द्वारा मुनादी करा कर ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं इस दौरान कई गांव में अनेको व्यक्तियों को जो गांव से बाहर तथा जंगल के किनारे खेतों एवं अन्य स्थानों में अलग-अलग तरह से कच्चे घर बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं को चिन्हित कर देर रात होने के पूर्व पक्के मकान या गांव के बीच बस्ती में सुरक्षित रहने को भेजा गया, एक दूसरा हाथी जो एक दांत वाला है मप्र एवं छग की सीमा में छत्तीसगढ़ के मरवाही बीट अंतर्गत घुसरिया बीट के कक्ष क्रमांक 2049 की पहाड़ी में विगत तीन दिनों से दिन में जंगल में रहकर देर शाम-रात होने पर आसपास के ग्रामीणों इलाके में चुपचाप पहुंचकर नुकसान पहुंचा रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारभ

**बड़वारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ बड़वारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां से इसकी शुरुआत हुई जहां पर कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 19 विभागों का स्टाल कार्यक्रम में लगा तथा हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्कूली बच्चों के द्वारा की गई तथा बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सीधे ही हितग्राहियो से रूबरू हुए इस दौरान मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राम सेवक दुबे , कार्यालय प्रभारी हर्ष द्विवेदी , बड़वारा तहसीलदार मनीष शुक्ला, सीईओ के के पांडे, खेमचन्द यादव, राजेश चौधरी उर्फ लंगर सहित अन्य गण मान्य जन मौजूद रहे।

### उमरियापान में क्रिकेट ट्राफी 25 दिसंबर से

**उमरियापान।** उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में 25 दिसंबर से लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। खेल विकास समिति अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया स्पर्धा का आगाज व्हीसीए रीवा और जीसीए जबलपुर टीम के मध्य उद्घाटन मैच से होगा। इसके बाद स्पर्धा में 26 दिसंबर को बाबा बर्फानी विंध्य टीम और जेपी जबलपुर, 28 दिसंबर को एमएस कटंगी और नागौद टीम, 29 दिसंबर को आरसीसी बनखेडी पिपरिया और डीसीए कटनी, 31 दिसंबर को नरसिंहपुर और डब्लूसीआर जबलपुर, 2 जनवरी को सम्राट क्लब सिहोरा और एचवाई उमरिया, 4 जनवरी को बीएचयू बनारस और वाईसीसी उमरियापान, 5 जनवरी को भोपाल और नागपुर टीम के बीच लीग मैच होंगे। 6 जनवरी से क्वार्टर फाइनल मैच और 10 जनवरी को स्पर्धा का फायनल मुकाबला होगा। गौरतलब है उमरियापान में लगभग 30 वर्षो से खेल विकास समिति के संयोजन में उक्त स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।



## श्रीराम कलश मंत्रोच्चार के साथ कल्याण सेवा आश्रम से धर्म प्रचार के लिए अग्रेषित

अमरकंटक।

22 जनवरी को अयोध्या नगरी में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन मंत्र उपचार के साथ होने जा रहा है जिसके लिए पूरे भारतवर्ष के कोने-कोने में श्री राम जी के नाम से कलश प्रत्येक धार्मिक स्थलों पर दो दिवसीय धर्म प्रचार के लिए धर्म आस्था के लिए पूजन वाले स्थान पर रखा जा रहा है जिससे जब यह कलश भगवान श्री राम के जन्म स्थली अयोध्या पहुंचे तो पूरे भारतवर्ष के धर्म गुरुओं का एवं धर्म स्थलों का संपूर्ण फल लेकर पहुंचे। पवित्र नगरी अमरकंटक में भी भगवान श्री राम की कलश दो दिवसीय पर्व शांति कुटी आश्रम मृत्युंजय आश्रम से होते हुए कल्याण आश्रम पहुंची जहां पर प्रकांड विद्वानों के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ भगवान श्री राम की कलश को स्थापित किया गया एवं पूरे दो दिवसीय विधिवत पूजन अर्चन के उपरांत मंत्र उच्चारण के साथ संतों के द्वारा आगे धर्म स्थान पर पहुंचाया गया। श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध निवासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने बताया कि यह हमारे लिए बड़े ही गर्व का पल है कि भगवान श्री राम की जन्मस्थली में यह कलश जाएगा यह हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है और सनातन धर्म ऐसे ही रोज नहीं ऊंचाइयों पर पहुंचे ऐसी भगवती मां नर्मदा एवं भगवान श्री राम से कामना करते हैं क्योंकि सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जो संपूर्ण विश्व का कल्याण चाहता है। श्री राम जी के कलश को रामेश्वरानंद जी महाराज कल्याण सेवा आश्रम के द्वारा फलाहारी आश्रम अमरकंटक पहुंचाया गया जिनके साथ प्रकांड विद्वानों के अलावा साधु संत उपस्थित रहे।

## इलाज के दौरान हुई वृद्ध की मौत ईशानगर थाना क्षेत्र की घटना

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पनौठा में एक वृद्ध दुकानदार ने गांव के एक युवक की उधारी करने से इंकार कर दिया था जिससे नाराज होकर युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर वृद्ध के साथ मारपीट कर दी। बेरहमी से की गई मारपीट में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पनौठा निवासी अजय कुशवाहा ने उसके बताया कि उसके 98 वर्षीय दादा तुलसिया कुशवाहा गांव में हीं किराना दुकान संचालित करते हैं। सोमवार को गांव का काशीराम कुशवाहा दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए आया था और उसने तुलसिया से 70 रुपए की उधारी करने के लिए कहा। जब तुलसिया ने उधारी करने से मना किया तो काशीराम ने नाराज होकर मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह घर के लोगों ने तुलसिया को बचाकर काशीराम को भगा दिया था।

## जनसुनवाई में आये 101 आवेदन

**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई में आम लोगों से प्राप्त 101 आवेदनों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये। जनसुनवाई में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही दिव्यांगों एवं बुजुर्गों की अलग से समस्या सुनी। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुये।